भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2730
बुधवार, 12 अगस्त, 2026 (21 श्रावण 1948 (शक)) को उत्तरार्थ

त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय (टीएसयू) में नए पाठ्यक्रम

2730# श्री आदित्य प्रसादः

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय (टीएसयू) में नए शैक्षिक, डिप्लोमा और प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हाँ, तो किन क्षेत्रों और विषयों में ऐसे पाठ्यक्रम प्रस्तावित हैं;

(ग) क्या ये पाठ्यक्रम प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) और अन्य सहकारी संस्थाओं की जरूरतों के अनुरूप होंगे; और

(घ) इन पाठ्यक्रमों के प्रारंभ होने की समय सीमा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (ख): यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के दौरान तीन नए एमबीए कार्यक्रम शुरू किए:

i. सहकारी प्रबंधन में एमबीए

ii. सहकारी बैंकिंग और वित्त में एमबीए

iii. एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट में एमबीए

यूनिवर्सिटी ने सहकारी समितियों के पेशेवर प्रबंधन के लिए पांच प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी तैयार किए हैं । इन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के नाम निम्नानुसार हैं:

i. पैक्स (प्राथमिक कृषि क्रेडिट समिति) के सचिवों और कर्मचारियों के लिए व्यवसाय प्रबंधन और शासन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

ii. प्राथमिक मात्स्यिकी सहकारी समितियों के सचिवों और कर्मचारियों के लिए व्यवसाय प्रबंधन और शासन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

iii. डेयरी सहकारी समितियों के सचिवों और कर्मचारियों के लिए व्यवसाय प्रबंधन और शासन में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

iv. जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (डीसीसीबी) के निदेशक मंडल के लिए नेतृत्व विकास में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

v. सहकारी बैंकों के लिए साइबर सुरक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

(ग) जी हां, मान्यवर । ये पाठ्यक्रम पैक्स, मात्स्यिकी सहकारी समितियों, डेयरी सहकारी समितियों और डीसीसीबी की आवश्यकता के अनुरूप हैं ।

(घ) जबकि नए एमबीए कार्यक्रम वर्ष 2025-26 में शुरू किए गए हैं, प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम वर्ष 2026-27 के दौरान निर्धारित हैं ।

*****